हंसराज कॉलेज
— दिल्ली विश्वविद्यालय —

HANSRAJ COLLEGE
University Of Delhi
NAAC Grade A+ with CGPA 3.62

2019-2020

Name of the Department/Society: **हिंदी साहित्य परिषद्, हिंदी विभाग, हंसराज महाविद्यालय**
Name of the Event 4: नई दुनिया, नया भारत,
Date of the Event: 10th-11th January 2020

प्रभारी : डॉ . राजेश कुमार शर्मा

छात्र अध्यक्ष : डिंपल

हंसराज महाविद्यालय द्वारा विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन में 10-11 जनवरी 2020 दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विषय नई दुनिया, नया भारत, नई हिंदी विषयक पर आयोजित था। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में मानव संसाधन एवं विकास मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री महेंद्र नाथ पांडे सहित अनेक मंत्रियों, सांसदों, कवि , साहित्यकार, भाषाविद, आदि बहुत से लोक शामिल हुए। सम्मेलन में भारतीयों के साथ साथ विदेशी लोगो ने भाग लिया जिसमे जापान , अमेरिका, इंग्लैंड , ऑस्ट्रेलिया समेत 20 ओर देशों ने भाग लिया। सर्वप्रथम हंसराज महाविद्यालय की प्राचार्या और कार्यक्रम संयोजिका प्रो.रमा ने अपना वक्तव्य में कहा कि हिन्दी दिवस के अवसर पर किसी महाविद्यालय द्वारा पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन हैं। वह कहती हैं कि जिस तरह हिंदी अपनी वैश्विक पहचान बना रहीं हैं वह समय दूर नही जब हिंदी वैश्विक स्तर पर एक मजबूत भाषा के रूप में अपनाई जाएगी। उन्होंने हिंदी के महत्व के बारे में भी बताया। सम्मेलन में आगे डॉ रमेश पोखरियाल जी ने वक्तव्य में कहा की मां हिन्दी को विश्व स्तर पर मज़बूत बनाने में युवा पीढ़ी का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। उन्होंने सिनेमा , भारतीय मीडिया का महत्व बताया कि हिन्दी भाषा को मजबूत करने में इसका बहुत महत्वपूर्ण योगदान हैं , आज विश्व में हिंदी फिल्म को विदेशों में काफी पसंद किया जाता हैं साथ ही वहा फिल्मों को हिंदी में देखा भी जाता हैं। उन्होंने कहा डिजिटल स्तर पर जिस प्रकार हिंदी भाषा का प्रयोग किया जा रहा कि आने वाले समय में डिजिटल दुनिया में हिंदी एक महत्वपूर्ण भाषा बन जाएगी। इन बातों से साथ उन्होंने अपनी बात को समाप्त किया। कार्यक्रम में ' न्यू मीडिया और नई वैश्विक संस्कृति', 'लोकप्रशासन और भारतीय भाषाएं ', 'भारतीय संस्कृति, मूल्यबोध एवं विश्व मानवता', जैसे सत्रों में राहुल देव , पुष्पेश पंत , पूर्व मंत्री एवं सांसद

सत्यपाल सिंह, राकेश मिश्र, सच्चिदानंद जोशी जैसे विद्वानों ने अपने मत प्रस्तुत किए। जिसमें उन्होंने कहा की भारतीय मीडिया वैश्विक स्तर पर हिंदी भाषा को काफी मजबूती से प्रस्तुत कर रही हैं। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी वैश्विक स्तर पर जाकर अपनी मातृभाषा हिंदी में भाषण दे रहे हैं तथा हमारी भारतीय संस्कृति को प्रस्तुत रहे हैं। हिंदी भाषा वैश्विक स्तर पर इतनी मजबूत हो रही है कि कई विदेशी देशों जैसे रूस और पोलैंड जैसे देशों ने हिंदी भाषा तथा भारतीय संस्कृति को भी अपना रहे हैं। आज हिंदी भाषा को वैश्विक स्तर पर मजबूत करने का थोड़ा श्रय भारतीय सिनेमा को जाता है और थोड़ा श्रय भारतीय मीडिया को जाता हैं। विदेशों में भारतीय सिनेमा काफी पसंद किया जाता हैं। तथा अंत में कहते हैं कि मां को ऊंचाई पर पहुंचने का कार्यभार हमारी युवाओं के पर हैं। कार्यक्रम के अंत में

नई दुनिया, नया भारत, नई हिंदी विषयक प्रकाशित होने वाले स्मारिका का लोकार्पण किया।